3. तीर्थ निर्माण और सामाजिक कार्यों से दूर रखें: जब हम साधुओं को तीर्थ निर्माण, धन संग्रह और समाज संचालन में व्यस्त कर देते हैं, तो क्या हम उनके आत्मकल्याण को बाधित नहीं कर रहे?

आधुनिक समाज में साधु चर्या का ह्रासः आजकल समाज में कई स्थानों पर देखा जा रहा है कि साधु-संघ अपनी मूल चर्या से भटक रहे हैं। इसके कई प्रमुख कारण हैंः

1. समाज द्वारा अत्यधिक सम्मान और सुख-सुविधाओं की व्यवस्थाः साधु के जीवन का मूल सिद्धांत त्याग है, लेकिन आज उन्हें असाधारण सम्मान और भौतिक सुविधाएँ दी जा रही हैं। अनेक स्थानों पर देखा जाता है कि साधु-संघ के लिए विशेष रूप से वातानुकूलित कक्ष बनाए जाते हैं, उनके लिए विशेष भोजन व्यवस्था की जाती है और यात्राओं के लिए लग्जरी वाहन उपलब्ध कराए जाते हैं। कुछ स्थानों पर समाज, साधुओं के लिए अत्यधिक राजसी आयोजनों का प्रबंध करता है, जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल होते हैं। यह सब धीरे-धीरे साधु के मूल त्यागमय जीवन को प्रभावित करता है और उन्हें सांसारिक सुखों के प्रति आसक्त करने का कारण बनता है।

''त्याग ही साधुता की पहचान है, यदि वह सम्मान और सुविधाओं में लिप्त हो गया, तो उसका संयम समाप्त हो जाएगा।''

2. तीर्थ निर्माण और धन संचय की प्रवृत्तिः आजकल तीर्थ निर्माण और उनके विस्तार के नाम पर साधु- संघों को धन संग्रह और प्रचार- प्रसार में उलझा दिया जाता है। कई साधु तीर्थ निर्माण के लिए अनुदान एकत्र करने में संलग्न हो जाते हैं, जिससे उनकी मूल साधना प्रभावित होती है। कुछ स्थानों पर, साधुओं की उपस्थिति मात्र को तीर्थ प्रचार का माध्यम बना दिया जाता है। समाज को यह समझना होगा कि तीर्थ निर्माण से अधिक आवश्यक हैं, साधुओं का सच्चा संयम और उनकी साधना। इतिहास में ऐसे उदाहरण हैं, जहाँ सच्चे साधु किसी भी प्रकार के धन संग्रह से दूर रहे। उदाहरण के लिए, आचार्य शांतिसागर जी महाराज ने कभी किसी प्रकार के धन-संपत्ति के संग्रह का समर्थन नहीं किया।

''साधु धन संचय नहीं करता, बल्कि आत्मसंयम का संचय करता है।''

3. साधुओं को सांसारिक कार्यों में उलझानाः कई बार समाज अनजाने में साधुओं को सांसारिक गतिविधियों में उलझा देता है, जिससे उनका संयम और साधना प्रभावित होती है। कई साधुओं को समाज के निर्णयों में सम्मिलित किया जाता है, जहाँ उन्हें प्रशासनिक मुद्दों पर विचार देना पड़ता है। कई बार साधुओं से पारिवारिक विवादों में निर्णय दिलवाने की कोशिश की जाती है। जब साधु इन विषयों में शामिल हो जाते हैं, तो उनकी ध्यान-साधना प्रभावित होती है और वे अनावश्यक मानसिक द्वंद्व में पड़ जाते हैं।

मुनि श्री तरुण सागर जी महाराज ने अपने प्रवचनों में कई बार कहा कि साधु को सिर्फ आत्म साधना पर ध्यान देना चाहिए, न कि समाज के विवादों में उलझना चाहिए। ''साधु वही, जो समाज की समस्याओं से दूर, आत्मसाधना में लीन रहे।''

4. व्यावसायिक और प्रशासनिक कार्यों में उनकी सहभागिताः आजकल कुछ साधुओं को विभिन्न प्रशासनिक और व्यावसायिक कार्यों में शामिल किया जा रहा है। कई बार साधु- संघों से धार्मिक ट्रस्ट और संस्थानों का संचालन कराया जाता है। साधु-संघों को मंदिरों और आश्रमों की वित्तीय व्यवस्था में निर्णय लेने के लिए आमंत्रित किया जाता है। यह सब धीरे-धीरे उन्हें सांसारिक चिंताओं में उलझा देता है और उनकी आत्मसाधना का मूल उद्देश्य समाप्त हो जाता है। ''साधु वह है, जो संसार से दूर रहे, न कि समाज के निर्णयों और व्यवस्थाओं में उलझे।साधु वही, जो आत्मकल्याण में लीन रहेय जो सांसारिकता में उलझ जाए, वह साधु नहीं रह जाता।''

कुछ उदाहरण

1. आचार्य श्री शांतिसागर जी महाराजः वे प्रथम दिगंबर आचार्य थे जिन्होंने अपने जीवन को पूर्णतः संयम और तपस्या में बिताया। उन्होंने कभी भी सांसारिक गतिविधियों में भाग नहीं लिया और अपनी चर्या को पूरी निष्ठा से निभाया।

2. मुनि श्री तरुण सागर जी महाराजः उन्होंने प्रवचनों के माध्यम से समाज को जागरूक किया, लेकिन कभी भी सांसारिक प्रतिष्ठा और धन-संपत्ति की ओर आकर्षित नहीं हुए। उन्होंने समाज को सादगी और आत्मसंयम का संदेश दिया।

3. वर्तमान संदर्भ में आचार्य श्री विशुद्ध सागर जी महाराजः वे आज के युग में संयम की मिसाल बने हुए हैं। उनकी चर्या पूर्णतः साधु के अनुरूप है, जिसमें कोई भी सांसारिकता नहीं है।

शुद्ध साधु चर्या का आदर्श उदाहरणः हाल ही में, आचार्य श्री विशुद्ध सागर जी महाराज और उनके संघ की चर्या पूरे समाज के लिए एक उदाहरण बनी है। उन्होंने वही संयम, वही त्याग और वही साधना अपनाई है, जो एक साधु के लिए अनिवार्य होती है। वे समाज से दूर रहकर केवल आत्मकल्याण के मार्ग पर अग्रसर हैं। उन्होंने किसी भी सांसारिक गतिविधि में स्वयं को नहीं उलझाया।

''सच्चा साधु वह नहीं जो समाज के अनुरूप चले, बल्कि वह है जो धर्म के अनुरूप जिए।

समाज के लिए चेतावनी और सुधार के उपायः अगर हम समय रहते नहीं संभले तो आने वाले समय में हमें सच्चे

साधु मिलना ही बंद हो जाएंगे। इसलिएः

1. श्रावकों को चाहिए कि वे साधु को सांसारिक कार्यों से दूर रखें।

2. साधुओं को भी चाहिए कि वे अपने संयम की रक्षा करें और समाज के लोभ में न आएं। 3. पंचायतों और धर्मसंस्थाओं को चाहिए कि वे साधु चर्या की मर्यादा बनाए रखने के लिए सख्त नियम लागू करें।

निष्कर्षः ''अगर साधु का संयम बिगड़ा, तो दोषी हम श्रावक ही होंगे।'' हमें समझना होगा कि साधु का जीवन त्याग और तपस्या के लिए है, न कि सांसारिक सुखों और प्रसिद्धि के लिए। अगर हम वास्तव में धर्म की रक्षा करना चाहते हैं, तो हमें साधु-संघ को उनकी असली चर्या में ही बनाए रखना होगा। !! साधु को साधु रहने दें, धर्म को धर्म रहने दें!

णमोकार,नमोकार या नवकार मंत्र

प्रो. अनेकान्त कुमार जैन

नई दिल्ली/सम्पूर्ण विश्वमें णमोकार मंत्र का अभूतपूर्व सामूहिक उच्चारण किया गया। JITO द्वारा आयोजित इस सराहनीय पहल का अनुमोदन करते हुए प्रधानमंत्री जी ने विज्ञान भवन से अद्भुत संबोधन भी दिया। इतने विशाल आयोजन में गौरवपूर्ण अनुभूति के साथ साथ आम जन में एक संशय यह बना रहा कि सभी पोस्टरों में इसे 'नवकार दिवस' क्यों कहा गया जब कि मंत्र का नाम णमोकार मंत्र है। णमोकार, नमोकार या नवकार - इन तीनों का अर्थ एक ही है और वह है - नमस्कार। शौरसेनी (दिगम्बर) आगम में णमोकार शब्द मिलता है। अर्धमागधी (श्वेताम्बर) आगम में नमोकार शब्द मिलता है। बाद में कुछ प्राकृत और अपभ्रंश साहित्य में इसे ही नवकार शब्द से कहा है। प्राकृत और अपभ्रंश भाषा के कुछ विशेष नियमों के कारण यह परिवर्तन और पाठ भेद हमें मिलते हैं। यही कारण है कि अपभ्रंश भाषा के प्रभाव के कारण हिंदी विशेषकर पुरानी हिंदी, गुजराती आदि में इसे 'नवकार' भी कहा जाने लगा। व्यवहार की दृष्टि से वर्तमान में श्वेताम्बर सम्प्रदाय में 'नवकार' शब्द ज्यादा प्रचलन में है। जिन प्रभसूरी रचित अपभ्रंश रचना 'नवकाररास' में नवकार शब्द का ही प्रयोग किया है। अतः हिंदी में नवकार शब्द अधिक प्रचलन में आ गया। आधुनिक हिंदी के भजन भी इसी रूप में सभी गाते हैं - 'नवकार मंत्र है न्यारा, हमको प्राणों से प्यारा'।

नवकार शब्द प्रयोग में दिक्कत कोई नहीं है किंतु प्राचीन आगमों, प्रतिक्रमण पाठ के मूल उद्धरणों और प्रमाण के रूप में ही प्राकृत भाषा में इसे 'णमोकार-मंत' अथवा नमोकार-मंतं या शुद्ध हिंदी में 'नमस्कार मंत्र' ही कहा और पोस्टर आदि में प्रचारित किया जाता तो अधिक अच्छा होता। इस शब्द के प्रयोग की विडंबना हमें यह देखने को मिली कि 'नवकार' के नव का अर्थ नौ (9) लगाया गया जबकि इसका अर्थ नमस्कार है। इसी भ्रम के कारण फिर 9 अप्रैल, 9 संख्या का महत्व, नौ दुर्गा, नवतत्व सभी इसी घेरे में आते चले गए। प्रायः नव शब्द का अर्थ नौ या नया ही लगाया जाता है अतः यहाँ भी न्याय शास्त्र के 'नवकंबलौयं देवदत्तः' की तरह अनजाने में मिथ्या अर्थ ग्रहण होता चला गया, इसलिए हमें शब्द प्रयोगों को लेकर बहुत सावधान रहना चाहिए और बहुत सोच समझकर निर्णय करना चाहिए। अभी भी समय है, हमारा सुझाव है कि इसे नवकार की बजाय णमोकार दिवस के रूप में प्रचारित किया जाए, ताकि इसका सही अर्थ होता रहे।

महावीर जयंतीः आत्ममंथन का संदेश

महावीर जयंतीः आत्ममंथन का संदेश
न शोभायात्रा की चकाचौंध हो,
न आतिशबाजी का शोर हो।
महावीर का पर्व है यह,
जहाँ भीतर की खोज हो।
न होड़ हो रथ सजाने की,
न भीड़ हो नाम कमाने की।
बस हो तड़प आत्मा की ऐसी,
जो राह दिखाए जग जाने की।
अहिंसा की वो प्रतिमा थे,
सत्य के स्वप्न सजाते थे।
न लाठी, न तलवारों से,
वो हृदयों को जीत जाते थे।
कहते थे - ''धर्म दिखावे में नहीं,
धर्म तो आत्मा की सफाई है।''
पर हम तो उलझे दिखावे में,
भूल गए वो सच्ची कमाई है।
भंडारों में नहीं धर्म है,
ना मंचों की महिमा में।
धर्म है उस मौन क्षण में,
जब जागो अपनी आत्मा में।
अगर देना है उन्हें श्रद्धांजलि,
तो किसी भूखे को खाना दो।
किसी रोते को मुस्कान दो,
किसी बुझते दीप को ताना दो।
अगर मनानी है ये जयंती,
तो संकल्प संयम का लो।
मन, वचन, काया से
हर प्राणी को सम्मान दो।
जो जल रहा हो लोभ में,
उसे अपरिग्रह का दीप दो।
जो भटक रहा हो मोह में,
उसे विवेक का गीत दो।
नवयुवकों को राह दिखाओ,
केवल रथ नहीं, चरित्र सजाओ।
ध्यान, सादगी, सेवा, साधना,
यही हो महावीर का गान,
यही हो उनकी थाती का गुणगान।
महावीर को पूजना काफी नहीं,
उन्हें अपने जीवन में उतारो।
दुनिया नहीं, खुद को जीतो,
बस यही सच्चा उपवास
और त्योहार हो।

जय महावीर।

स्वरचितः डॉ. संतोष जैन काला सीए,
गुवाहाटी

जैन गजट की सदस्यता, विज्ञापन या सहयोग राशि 'जैन गजट' के पक्ष में पंजाब नेशनल बैंक, राजेन्द्र नगर शाखा, लखनऊ- 226004 उ.प्र. में सेविंग खाता संख्या 2405000100102500 (RTGS/NEFT IFSC CODE - PUNB 0185600) में आनलाइन/चैक द्वारा जमा कराकर डिपोजिट स्लिप सहित अपने पूर्ण नाम-पते, पिन कोड सहित निम्न पते/वाट्सअप/ईमेल पर भेजकर सूचित करने की कृपा करें-

जैन गजट कार्यालय- श्री नन्दीश्वर फ्लोर मिल्स
कम्पाउण्ड, मिल रोड, ऐशबाग, लखनऊ- 226004
मोबा./वाट्सअप- 7607921391, मोबा. 7505102419
Email: jaingazette2@gmail.com

जयपुर शहर में भगवान महावीर का 2624 वां जन्म कल्याणक महोत्सव मनाया हर्षोल्लास से

शोभायात्रा में गूंजा 'जय महावीर-जय महावीर' झांकियों में दिखी महावीर की महिमा, धर्म सभा में बरसी महावीर की वाणी

कार्यक्रम में श्री क्षेत्र अरिहंत गिरी के भट्टारक प्रमेय महाराज एवं राजस्थान जैन सभा कार्यकारिणी के सदस्यों सहित विभिन्न प्रबुद्ध जनों ने जैन समाज की 130 वर्ष सबसे पुरानी पत्रिका जैन गजट का विवेचन किया

श्री क्षेत्र अरिहंत गिरी के भट्टारक प्रमेय महाराज से जैन गजट के संवाददाता राजाबाबू गोधा, विवेक काला, मनीष वेद सहित अन्य पदाधिकारी गण आशीर्वाद प्राप्त करते हुए

राजाबाबू गोधा, संवाददाता

जयपुर, 10 अप्रैल। पूरी दुनिया को 'जिओ और जीने दो' का दिव्य संदेश देने वाले, विश्ववंदनीय भगवान महावीर स्वामी का 2624 वां जन्म कल्याणक महोत्सव (जयन्ती समारोह) गुरुवार को गुलाबी नगर में धूमधाम से मनाया गया।

इस मौके पर शहर की कॉलोनियों व जैन मंदिरों में प्रातः श्रीजी के अभिषेक, पूजा-अर्चना के बाद कई कालोनियों में प्रभात फेरियां निकाली गई, वहीं पूर्व संध्या पर सायंकाल महाआरती, भजन संध्या एवं पालना झुलाने के विशेष आयोजन आयोजित किये गये। इस दौरान सुबह से ही शहर का चप्पा-चप्पा भगवान महावीर के जयकारों से गूंजता रहा। कार्यक्रम में मुख्य आयोजन राजस्थान जैन सभा, जयपुर के तत्वावधान में भट्टारक प्रमेय सागर स्वामी के सानिध्य में न्यूगेट के रामलीला मैदान पर हुआ। इस मौके पर ध्वजारोहण, दीप प्रज्वलन, स्मारिका विमोचन, जैन समाज की 130 वर्ष सबसे पुरानी पत्रिका जैन गजट का विमोचन तथा श्री जी के कलशाभिषेक सहित धर्मसभा का भव्यता से आयोजन हुआ। कार्यक्रम में जैन गजट संवाददाता राजाबाबू गोधा ने शिरकत करते हुए बताया कि उक्त शोभायात्रा में 21 झांकियां अपनी विशेष छटा बिखेर रही थीं और वीरा प्रभु के ये बोल... आज महावीर जयंती है ... जैसे भजनों की स्वर लहरियों पर झूमता-नाचता भक्तों का समूह कुछ ऐसा ही आंखों का सुकून पहुंचाने वाला दृश्य महावीर जयंती के अवसर पर परकोटे में निकली शोभायात्रा के दौरान देखने को मिला। यह शोभायात्रा मनिहारों का रास्ता स्थित महावीर पार्क से प्रातः 8.00 बजे शुरू हुई। बैंडबाजों व ज्ञानवर्धक व संदेशात्मक झांकियों से सुशोभित यह शोभायात्रा चौड़ा रास्ता, त्रिपोलिया बाजार, बड़ी चौपड़, जौहरी बाजार, बापू बाजार, न्यू गेट होती हुई रामलीला मैदान जाकर समाप्त हुई। शोभायात्रा के मार्ग में चौडा रास्ता में उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेम चन्द बैरवा ने, जौहरी बाजार में शहर की सासंद मंजू शर्मा ने, विधायक काली चरण सर्राफ ने, नगर निगम जयपुर हैरिटेज की महापौर कुसुम यादव ने, पूर्व सांसद राम चरण बोहरा सहित अन्य भाजपा नेता तथा सांगानेरी गेट पर विधायक अमीन कागजी, न्यू गेट पर उपमहापौर पुनीत कर्णावट एवं शोभायात्रा मार्ग पर जगह जगह व्यापारिक, सामाजिक संस्थाओं ने पुष्प वर्षा व आरती उतारकर स्वागत व सत्कार किया।

शोभायात्रा में भगवान महावीर के जीवन चरित्र व सामयिक विषयों को लेकर निकली झांकियां जिनमें भगवान महावीर का जन्म कल्याणक महोत्सव, भगवान महावीर का बालपन, शिशु महावीर का पलना व पाण्डुक शिला पर अभिषेक, भगवान महावीर का जन्मोत्सव, ना तेरा पंथ ना मेरा पंथ जिन शासन रहे सदा जयवन्त, डिजीटल युग में संयम एवं ध्यान का महत्व, भरत का अखण्ड भारत, मंदिर है पर भक्त नहीं, वण्डरफुल जैनिज्म, अनुयोग की पाठशाला, नन्दीश्वर द्वीप संस्कारों के अभाव में दुष्प्रभाव, अर्हम ध्यान योग, मोबाइल के दुष्परिणाम, जीव दया-गौ सेवा, अहिंसा रथ एवं जैन भोजन सेवा, चांदनपुर के महावीर, समर कैम्प, दिगम्बर जैन संतों की आहार चर्या एवं जिनेश्वरी दीक्षा के दृश्य सहित अन्य विषयों पर आधारित झांकियों को लोग एकटक निहारते रहे। इस दौरान जिन-जिन मार्गों से यह शोभायात्रा गुजरी वे सभी मार्ग भक्ति और आस्था के रंग में सराबोर नजर आए। शोभायात्रा के आखिर में जिनेन्द्र देव (भगवान महावीर की प्रतिमा) स्वर्ण जड़ित रथ पर विराजमान होकर चल रहे थे। राजस्थान जैन सभा के कमेटी सदस्य व मुल्तान जैन समाज की भजन मण्डली रथ के आगे भक्ति करते हुए चल रही थी, महावीर पार्क से शुरू हुई यह शोभायात्रा विभिन्न मार्गों से होती हुई रामलीला मैदान पहुंचकर धर्मसभा में परिवर्तित हो गई। चौड़ा रास्ता स्थित यति यशोनन्द जी दिगम्बर जैन मंदिर से रवाना हुए श्री जी के रथ पर कैलाश चन्द, माणक चंद, रमेश ठेलिया सारथी बने एवं घोड़े पर जैन ध्वज लेकर विजय सोगानी बैठे उक्त शोभायात्रा में बैण्ड बाजे, हाथी, घोडे, ऊंट तथा लवाजमा के साथ महिला मंडल की सदस्याएं, विभिन्न स्कूलों के छात्र - छात्राएं, भजन मण्डलियां, बडी संख्या में श्रद्धालुगण नाचते गाते भक्ति में झूमते हुए शामिल हुए। समाज की विभिन्न संस्थाओं एवं समाज बन्धुओं की ओर से पूरे मार्ग पर जैन धर्म का प्रतीक पचरंगा के 108 स्वागत तोरण द्वार लगाये गये थे। कार्यक्रम में रामलीला मैदान में हुई धर्मसभा में भगवान महावीर के सिद्धांत सार्वभौमिक हैं, यह बात श्री क्षेत्र अरिहंत गिरी के भट्टारक प्रमेय ने अपने मंगलमय उद्बोधन में भरी धर्म सभा में कही, इस मौके पर महावीर जयन्ती के प्रसंग पर बोलते हुए कहा कि महावीर जयन्ती का यह पावन दिवस हम सभी को भगवान महावीर जैसा बनने की प्रेरणा देता है, यह दिवस मनाना तभी सार्थक होगा जब उनके बताए सिद्धान्तों को अपने जीवन में अपनाएं। भगवान महावीर केवल जैनियों के नहीं वे तो जन-जन के महावीर हैं। उनके सिद्धांत सार्वभौमिक है, वे किसी व्यक्ति विशेष के लिए नहीं है अपितु विश्व के प्राणी मात्र के लिए है। बिना त्याग के आत्मा का कल्याण संभव नहीं है। अतः हमें प्राणी मात्र के कल्याण की भावना रखनी चाहिए। अहिंसा के माध्यम से ही विश्व में हम शांति की स्थापना कर सकते हैं, उन्होंने कहा कि जिसके जीवन में दया, धर्म, त्याग नहीं है, वह मानव के साथ श्रावक कहलाने के लायक नहीं है। अपने जीवन में भगवान महावीर के सिद्धांतों को अपनाने से ही इस विश्व का कल्याण होगा। इससे पूर्व धर्मसभा के प्रारंभ में जयकारों के बीच ध्वजारोहण समाज श्रेष्ठी पदम चन्द - प्रेम लता, देवेन्द्र - शैलजा बोहरा ने किया। भगवान महावीर के चित्र के समक्ष समाजश्रेष्ठी प्रेम चन्द, विवेक, विकास शोर्य जैन खेडली वालो ने दीप प्रज्वलित किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि प्रख्यात समाज सेवी शांति कुमार - ममता सोगानी जापान वाले थे। सम्माननीय अतिथि गजेन्द्र, प्रवीण विकास बड़जात्या, विशिष्ठ अतिथि समाजश्रेष्ठी विनोद-शशि तिजारिया, कैलाश चन्द माणक रमेश ठेलिया थे, कार्यक्रम में मंगलाचरण संत सुधासागर महिला छात्रावास की बालिकाओं ने तथा बैण्ड वादन महावीर पब्लिक स्कूल की छात्राओं ने किया, इस मौके पर राजस्थान जैन सभा के यशस्वी अध्यक्ष सुभाष चन्द जैन, वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रदीप जैन, उपाध्यक्ष विनोद जैन कोटखावदा, महामंत्री मनीष बैद, मंत्री यशकमल अजमेरा, संयुक्त मंत्री आर. के. जैन, कोषाध्यक्ष अमर चन्द दीवान, महावीर जयंती समारोह के मुख्य समन्वयक अशोक जैन नेता, समन्वयक मुकेश सोगानी, सहित कार्यकारिणी सदस्य कमल बाबू जैन, राजीव पाटनी, भानू छाबड़ा, अनिल छाबड़ा, राकेश गोधा, सुभाष बज, जिनेन्द्र जैन जीतू, राखी जैन, चेतन जैन निमोडिया, एडवोकेट राजेश काला, दर्शन जैन बाकलीवाल, मनीष सोगानी, सहवृत सदस्य भारतभूषण जैन, प्रियंका बड़जात्या (प्रिया), पूनम चांदवाड़ आदि ने अतिथियों का माला, दुपट्टा, साफा पहनाकर, शॉल ओढाकर तथा प्रतीक चिह्न भेंटकर स्वागत व सम्मान किया। अध्यक्ष सुभाष चन्द जैन ने स्वागत भाषण व संस्था की गतिविधियों एवं जयपुर से बाहर सभा की शाखाओं का गठन करने तथा मानव सेवार्थ 51 स्थानों पर रक्तदान शिविर का आयोजन करने की जानकारी दी तथा समाज बन्धुओं के लिए स्वास्थ्य, शिक्षा, अल्पसंख्यक योजनाओं के लाभ, छात्रवृत्ति योजना, वैवाहिक सेवा केन्द्र की स्थापना, बेरोजगारों को रोजगार मुहैया कराने की योजना, छात्रावास के लिए भूमि आवंटन करवाने के प्रयासों सहित समाज हित की गतिविधियों की जानकारी दी। जुलूस के मुख्य संयोजक अनिल छाबड़ा ने झांकियों तथा शोभा यात्रा के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। महावीर जयंती समारोह के मुख्य संयोजक विनोद जैन 'कोटखावदा' ने आभार व धन्यवाद ज्ञापित किया, अंत में श्री जी के अभिषेक व शांतिधारा करने के बाद माल का पुण्यार्जन देवेन्द्र बोहरा, सुभाष चन्द जैन, विवेक काला, अमर चन्द दीवान खोराबीसल ने किया। कार्यक्रम में राजस्थान जैन सभा के सदस्यों सहित अनेक गणमान्य प्रबुद्धजनों तथा श्री क्षेत्र अरिहंत गिरी के भट्टारक प्रमेय जी महाराज ने जैन समाज की 130 वर्ष सबसे पुरानी पत्रिका जैन गजट का विमोचन किया तथा सभी आगंतुकों इस पत्रिका का अवलोकन करके भूरी-भूरी प्रशंसा की।इस दौरान कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न जैन सोश्यल ग्रुपों व अन्य संस्थाओं की ओर से शीतल पेयजल, फलों की स्टॉलें लगाई गई। इस मौके पर तीर्थ जीर्णोद्धार कमेटी के राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष धर्मचन्द पहाड़िया, महासभा के राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष रमेश जैन तिजारिया, अंतर्राष्ट्रीय रत्न व्यवसायी विवेक काला, राजीव जैन गाजियाबाद, सुनील बख्शी, महेश काला, हीरा पथ जैन मंदिर के अध्यक्ष धन कुमार जैन, बाड़ा पदमपुरा कमेटी के कोषाध्यक्ष राजकुमार कोठारी, संयुक्त मंत्री जितेंद्र मोहन जैन, राजीव पाटनी झोटवाड़ा, मनोज सोगानी दुर्गापुरा, मधुबन जैन मंदिर के अध्यक्ष अक्षय मोदी, गायत्री नगर जैन मंदिर के अध्यक्ष कैलाश छाबड़ा, मंत्री अरुण शाह, एडवोकेट विमल जैन तथा राजाबाबू गोधा सहित डॉ. शीला जैन, शीला डोड्या, विनय सोगानी, महेन्द्र साह, उजास पाण्डया, शकुन्तला पाण्डया, दीपिका जैन कोटखावदा, निशा बडजात्या, रचना बैद, संगीता अजमेरा, मैना गंगवाल सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित थे।

129 यूनिट किया रक्तदान

मदनगंज किशनगढ़। 20वीं सदी के प्रथमाचार्य चारित्र चक्रवर्ती आचार्य श्री शांति सागर जी महाराज के आचार्य पद प्रतिष्ठापन शताब्दी महोत्सव के अंतर्गत पंचम पट्टाधीश वात्सल्य वारिधि आचार्य श्री वर्धमान सागर जी महाराज की प्रेरणा से मुनिसुव्रतनाथ दि. जैन नवयुवक मंडल की ओर से महावीर जयंती के अवसर पर आरके कम्युनिटी सेंटर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ आर के मार्बल परिवार के अशोक पाटनी, सुरेश पाटनी एवं सुधीर जैन ने भगवान महावीर के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। आयोजित रक्तदान शिविर में समाज के लोगों ने उत्साह से रक्त दान किया। मंडल अध्यक्ष संजय पांडया ने बताया कि 129 यूनिट रक्तदान हुआ। शिविर प्रभारी अंकित पाटोदी ने बताया कि सभी रक्तदान करने वाले दाताओं को

आरके मार्बल की ओर से प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान यज्ञ नारायण हॉस्पिटल के ब्लड बैंक के स्टाफ के अलावा मंडल के मंत्री मनोज बैद, विजय बाकलीवाल, धीरज पाटौदी, आशीष सेठी, अनुज पांड्या, ऋषि गोधा, पुष्पेंद्र बाकलीवाल, मुकेश बाकलीवाल, अंकुर गोधा, संजय सोगानी, अतुल बैद आदि सदस्यों का विशेष सहयोग रहा।

- शेखर चन्द पाटनी, राष्ट्रीय संवाददाता

एक गौ माता से 30 एकड़ भूमि में खेती हो सकती है: पद्मश्री सुभाष पालेकर

सनावद/निमाड़ क्षेत्र में चिकनी काली उपजाऊ मिट्टी है, निमाड़ी गोवंश खेती के लिए बहुत उपयोगी है। एक गौ माता से 30 एकड़ भूमि में कृषि का भरपूर उत्पादन लिया जा सकता है। आज का युवा गांव छोड़कर भाग रहा है। हरित क्रांति से उत्पादन तो बढ़ा है गांव में बहुत बड़े और अच्छे आधुनिक मकान भी बने हैं लेकिन युवा गांव में नहीं है उन्हें वापस गांव में लौटना होगा, अन्यथा देश की स्थिति बहुत भयावह हो जाएगी, उक्त विचार भारत सरकार द्वारा 2016 में पद्मश्री सम्मान से सम्मानित सुभाष पालेकर ने बासवा में जैन गजट के सह संपादक राजेंद्र जैन महावीर के साथ हुई चर्चा में व्यक्त किए। चर्चा में पद्मश्री सुभाष पालेकर जी ने अनेक बिंदुओं को छूते हुए प्रश्नों का निराकरण भी किया, उन्होंने कहा की ग्लोबल वार्मिंग और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यह दो ऐसे भस्मासुर हैं जो पूरी दुनिया को नष्ट कर सकते हैं, संपूर्ण विश्व का इकोसिस्टम समाप्त हो रहा है इसका एक ही उपाय है कि युवाओं को गांव में लौटाया जाए और सुभाष पालेकर कृषि मॉडल से शून्य

बजट प्राकृतिक खेती की जाए। रासायनिक और जैविक दोनों कृषि से बढ़ती है ग्लोबल वार्मिंग - पद्मश्री सुभाष पालेकर ने कहा कि प्राकृतिक खेती नाम की कोई व्यवस्था नहीं है। रासायनिक और जैविक कृषि दोनों ही घातक है वास्तव में किसानों को खेती के बारे में पूर्ण जानकारी नहीं है इसलिए वे आधुनिक भ्रमजाल में उलझकर खेती की जमीन और खुद का स्वास्थ्य खराब कर रहा है। किसानों को रासायनिक, जैविक नहीं सुभाष पालेकर कृषि मॉडल पर कार्य करना चाहिए। पालेकर कृषि कैंसर डायबिटीज से मुक्त कराकर डेढ़ गुना ज्यादा दाम दिलाएगी - पद्मश्री सुभाष पालेकर ने कहा कि मेरे द्वारा जो मॉडल विकसित किया गया है वह जीव, जमीन, पानी, पर्यावरण विनाश को रोकता है और भूमि सरंक्षण संवर्धन करता है। हम अगली पीढ़ी को ऐसी भूमि बनाकर देते हैं, जिसमें कोई खाद नहीं डालना है इससे उत्पादन घटेगा नहीं, लागत बढ़ेगी नहीं और उपज का दाम डेढ़ गुना तक बढ़ जाएगा। हमारे मॉडल से जो कृषि उपज होगी वह कैंसर और डायबिटीज से मुक्त होगी। किसान एक देसी गाय के गोबर से और गोमूत्र से 30 एकड़ खेती में उत्पादन ले सकता है। प्रधानमंत्री की इच्छा है सुभाष पालेकर कृषि - सन 2016 में भारत सरकार के नागरिक सम्मान पद्मश्री सम्मानित सुभाष पालेकर कृषि विशेषज्ञ हैं, जिन्होंने शून्य बजट प्राकृतिक खेती को लोकप्रिय बनाकर कई किताबें भी लिखी, अभी तक 40 लाख से अधिक किसानों को अपनी शिक्षा व प्राकृतिक खेती से उन्होंने लाभान्वित किया हैं पद्मश्री पालेकर ने पुआल का उपयोग गाय के गोबर, गो मूत्र के मिश्रण का छिड़काव करने व पांच परतों में फसल उगाने का शिविर सनावद में लगाया, जिसमें 350 कृषकों ने सुभाष पालेकर कृषि करने का प्रशिक्षण लिया। श्री पालेकर ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी चाहते हैं कि किसानों की आय दोगुना हो इस हेतु शून्य बजट खेती को जन आंदोलन बनाना होगा। जिससे उनके स्वप्न को ग्राम ग्राम तक पहुंचाया जा सके। पद्मश्री सुभाष पालेकर से प्रभावित सेवानिवृत प्रोफेसर मणि शंकर डोंगरे, बासवा निवासी आईआईटी कानपुर के छात्र हरिओम बिरला ने कहा कि वह अपने खेतों में पालेकर कृषि मॉडल बनाकर कृषि करेंगे। श्री पालेकर ने बासवा के बीच स्थित नंदराम बिरला के खेत का अवलोकन कर मॉडल बनाने के लिए प्रेरित किया। पद्मश्री सुभाष पालेकर जी का स्वागत राजेंद्र जैन महावीर, दिनेश राठौर, बालकराम रावत, गणेश बिरला, अनोखीलाल सेजगाया, राकेश बिरला, अंकित रेवापाटी, मानकचंद रेवापाटी, दंदू मलगाया आदि ने किया। उल्लेखनीय है कि पद्मश्री पालेकर संपूर्ण देश में कृषि मॉडल का प्रशिक्षण प्रदान कर रहे हैं। उनका मानना है कि नई पीढ़ी बदलाव लाएगी और खेतों में मॉडल बनेगा तो उसे देखकर किसान समझ सकेंगे, इस हेतु हर गांव में मॉडल खड़ा होना चाहिए। किसान मित्रों को यह समझना चाहिए कि कोई कानून नहीं है कि वह खेतों में रासायनिक खाद डालें, किसान भ्रम में है और वह भ्रमित होकर कृषि में वे सब प्रयोग कर लेते हैं जो उसे नहीं करना चाहिए, किसान को अपना निर्णय स्वयं करना होगा। हमें प्रकृति को जीवित रखना है और ग्लोबल वार्मिंग से बचाना है तो हमें कृषि करने के तरीकों में भी बदलाव लाना पड़ेगा।

विश्व नवकार दिवस पर बून्दी में किया णमोकार मंत्री का पाठ

रविन्द्र काला, संवाददाता, बून्दी

बून्दी, 9 अप्रैल। विश्व नवकार दिवस के अवसर पर आज पूरे विश्व में प्रातः 8:01 से 9:36 बजे तक णमोकार मंत्री का सामूहिक जाप किया गया। इसी क्रम में बून्दी के जैन दादाबाड़ी में भी सत्यमति माता संघ और श्वेताम्बर सुयशा मारासा के सानिध्य में एक भव्य आयोजन हुआ, जिसमें सकल जैन समाज के पुरुष एवं महिलाओं सहित बालक-बालिकाओं ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। इस नवकार मंत्र में सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुजन पहुंचे। इस विशेष अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी लाइव णमोकार मंत्र का जाप किया। जाप के उपरांत उन्होंने उपस्थित जनसमूह का संबोधित करते हुए नौ महत्वपूर्ण संकल्प दिलाए। जिसमें पानी बचाओ, पेड़ बचाओ, स्वच्छता, स्वदेशी अपनाओ, कम द्रव्य का सेवन, देश दर्शन, प्राकृतिक खेती को बढ़ावा, योगा एवं खेलकूद को जीवनशैली में शामिल करना और गरीबों की सहायता करना शामिल है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने अपने उद्बोधन में कहा कि जैन समाज का आगम विज्ञान से मिलता जुलता है। वर्तमान का जो लोकतंत्र का मंदिर (लोकसभा) में जैन समाज की कृतियां बनी हुई हैं तथा वर्तमान सरकार ने विदेश से 20 तीर्थकरों की प्रतिमाओं को लाया गया। जैन दर्शन के आधार पर सबका साथ-सबका विकास पर वर्तमान सरकार कार्य कर रही है। विकसित भारत बनाने के पीछे जैन दर्शन का भी बहुत बड़ा योगदान है। प्रधानमंत्री ने आगम पर भी चर्चा की और सभी से जीवनशैली के मूल्य को अपनाने का आव्हान किया। इस महत्वपूर्ण आयोजन में सकल जैन समाज के संरक्षक ओमप्रकाश बडजात्या, अध्यक्ष संजय जैन, मंत्री महावीर जैन, कोषाध्यक्ष रामविलास जैन, सरावगी समाज के अध्यक्ष संतोष पाटनी, स्थानक समाज के अध्यक्ष विमल भडकत्या, सचिव गौरव कोठारी, श्वेताम्बर समाज के अध्यक्ष अशोक भण्डारी, विमल भण्डारी, श्वेता भण्डारी, प्रकाश महात्मा, खण्डेलवाल सरावगी समाज के पूर्व अध्यक्ष रविन्द्र काला सहित समाज के गणमान्य लोग उपस्थित थे। अंत में सुयश मारासा द्वारा मांगलिक का वाचन किया गया और भीमसिंह छाजेड़ परिवार द्वारा प्रभावना वितरित की गई। जीतो सदस्य आदित्य भण्डारी, अंशुल जैन ने विश्व नवकार दिवस पर सामूहिक जाप, श्रद्धा और एकता का प्रतीक बताया।

महिला मंडल सदस्यों ने गायों को खिलाया गुड़ व चारा

जयपुर। श्री शांतिनाथ महिला मंडल सेक्टर-8 प्रताप नगर की ओर से मंगलवार को श्योपुर सांगानेर स्थित पिंजरापोल गौशाला सभी सदस्यों ने गायों को चारा, गुड़ खिलाया। वहीं कबूतरों को ज्वार और मूंग डाला गया। शांतिनाथ महिला मंडल की अध्यक्ष स्नेहलता सोगानी ने बताया कि महावीर जयंती के उपलक्ष्य में महिला मंडल की सभी सदस्य मंगलवार सुबह पिजरापोल गोशाला पहुंची और गायों को चारा व गुड़ खिलाकर धर्म लाभ लिया। साथ ही जियो और जीने दो का संदेश दिया तथा भगवान महावीर के जयकारे लगाए।

- शेखर चंद पाटनी, राष्ट्रीय संवाददाता

मनोज कुमार विनायक्या: एक बेजोड़ व्यक्तित्व

परम मुनिभक्त, दानवीर श्रेष्ठी, दृढ़ संस्कारवान, व्यवहार ज्ञान में निपुण, समाज हितैषी, आतिथ्य सत्कार में बेजोड़ मनोज कुमार विनायक्या जी एक ऐसे व्यक्तित्व के धनी हैं कि उनके सम्पर्क में आने वाला व्यक्ति उनसे प्रभावित हुए बगैर नहीं रह सकता। वृद्धजनों को यात्रा करवायी, गुवाहाटी के निर्ग्रन्थ सन्तों के आगमन पर चौके की व्यवस्था का सारा मैनेजमेन्ट, आठगांव मन्दिर में जो जिनधर्म, जिनशासन की प्रभावना हो रही है उसका सारा श्रेय मनोज कुमार विनायक्या के मृदुल व्यवहार को जाता है। गुवाहाटी जैसे शहर में जहां बात करने की फुर्सत नहीं है, उस शहर में धर्म के लिए समय निकालना रत्नों से भी महंगी मनुष्य पर्याय को सार्थक करना है। सभी धार्मिक क्रियायें मनोज कुमार विनायक्या के निर्देशन में होती है। सभी क्रियाओं में उनकी उपस्थिति होती है। सभी क्रियाओं में तन-मन-धन से समर्पित रहते हैं।

- शेखर चन्द पाटनी, राष्ट्रीय संवाददाता

तपोवन तीर्थ में होने वाले पंचकल्याणक महोत्सव की तैयारी का जायजा लेने पहुंचे नगर विधायक श्री शैलेंद्र जैन

सागर। प.पू. वैज्ञानिक संत आचार्य श्री निर्भय सागर जी महाराज संघ सहित तपोवन तीर्थ सिद्धुआ सागर में विराजमान हैं। आज तपोवन तीर्थ पर सागर नगर विधायक श्री शैलेन्द्र जैन आचार्यश्री के दर्शन करने आशीर्वाद लेने पहुंचे। 12 अप्रैल से प्रारंभ होने वाले श्री मज्जिनेन्द्र पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव के कार्यक्रम स्थल श्री दिगम्बर जैन तपोवन तीर्थ पहुंचे एवं तैयारी का जायजा लिया उन्हीं के साथ सागर नगर निगम अध्यक्ष श्री वृन्दावनजी अहिरवार भी थे उन्होंने श्रीफल समर्पित कर आचार्यश्री से आशीर्वाद लिया। आचार्यश्री ने कहा यदि नेता धार्मिक हो तो ईमानदार, कर्मठ, देशभक्त होता है। सागर नगर के सभी नेता कर्मठ एवं ईमानदार हैं। अच्छे लोगों का आगमन ही कार्यक्रम की सफलता का संकेत है। मानव जीवन उसी का सफल है जिसके जीवन में देव पूजा, दया, दान, तीर्थयात्रा, जप, तप, ज्ञानाभ्यास एवं परोपकार की भावना फलीभूत हो रही है।

आस्था जैन सहायक प्राध्यापक हेतु प्रथम स्थान पर चयनित

राजेन्द्र जैन महावीर, सनावद

सागर। आस्था जैन पिता सुमति प्रकाश जैन प्राचार्य नैनागिरी, माता रजनी जैन माध्यमिक शिक्षक शा हाई स्कूल मकरोनिया सागर ने मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग सहायक प्राध्यापक परीक्षा में प्रथम प्रयास में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। आस्था जैन की प्राथमिक शिक्षा शा माध्यमिक शाला नैनागिरी से की है, विकासखंड में प्रथम स्थान तथा नवोदय परीक्षा में सफलता प्राप्त की। कक्षा 6 से 12 की पढ़ाई नवोदय विद्यालय में रहकर प्रत्येक कक्षा प्रथम श्रेणी से उतीर्ण की है। बीएससी डॉ. हरिसिंह गौर केंद्रीय विश्वविद्यालय सागर सांख्यिकी, गणित, अर्थशास्त्र विषय में प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण की है। वहीं एमएससी सांख्यकी, देवी अहिल्या विश्वविद्यालय इंदौर से प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण की है। सेट, गेट में सफलता के साथ वर्तमान में आस्था जैन, डॉ. हरिसिंह गौर विश्वविद्यालय से पीएचडी कर रही है। इसी दौरान म. प्र. लोक सेवा आयोग द्वारा सहायक प्राध्यापक पद के लिये प्रथम प्रयास में प्रथम स्थान प्राप्त कर सफलता प्राप्त की है। इस सफलता के लिये अपने गुरुओं, माताजी, पिताजी परिवार के बुजर्गो की विशेष सराहना की है। न्यायमूर्ति विमला जैन, सुरेश जैन आईएएस भोपाल, ट्रस्ट मंत्री राजेश रागी, प्रबन्धकारिणी के मंत्री देवेंद्र लुहारी सागर, वीरेंद्र सिंघई संयुक्त मंत्री सुकमाल जैन उप मंत्री, जैन पत्रकार महासंघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजेंद्र जैन महावीर सहित सभी पदाधिकारी, एसएसकेजे पब्लिक स्कूल तिनसी सभी पदाधिकारी मददेवरा, नैनागिरी ग्राम के सभी ग्राम वासियों ने अपार सफलता पर हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। उल्लेखनीय है कि नेनागिरी क्षेत्र में सुमत प्रकाश जैन अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे हैं।

समस्या समाधान - रवि जैन गुरूजी

प्रश्न 1. गुरूजी, मेरे मामा जी की किडनी खराब हो गयी है। डाक्टर आपरेशन बोल रहें हैं, समझ नहीं आ रहा क्या करें - अभय जैन, दिल्ली

उत्तर - कुंडली के अनुसार जल्द से जल्द आपरेशन करा लें, तब तक श्री भक्तामर जी का 45वां काव्य सुनायें।

प्रश्न 2. जन्मपत्री के अनुसार मुझे कौन से मंत्र की माला फेरनी चाहिए - लखमीचन्द, फरीदाबाद

उत्तर - आपको सप्ताक्षरी मंत्र ''नमः सर्व सिद्धेभ्य'' की माला फेरनी चाहिये।

प्रश्न 3. बेटे को चोट बहुत लगती रहती है - कल्पना रानी, रोहतक, हरियाणा

उत्तर - कुंडली में मंगल नीच का होने के कारण ऐसा हो रहा है। मूंगा का लॉकेट गले में मंगलवार को धारण करायें।

प्रश्न 4. पुत्री को ननद पर गुस्सा बहुत आता है - राज रानी, हिसार

उत्तर - पुत्री को चाहिये कि ननद के साथ छोटी बहन जैसा बर्ताव करें तथा समय-समय पर उसको कोई उपहार भेंट करें, साथ ही णमोकार महामंत्र की माला फेरें।

प्रश्न 5. मेरे लड़के की उम्र 18 साल है, मगर उसकी संगति बहुत खराब हो गयी है, उपाय बतायें - निशा जैन, मु. नगर, यू.पी.

उत्तर - बेटे की कुंडली में शुक्र के साथ राहु की दशा चल रही है। जवान होते बच्चों के लिये बहुत खराब मानी जाती है। शुक्रवार को मिश्री दान करायें।

गुरु जी से संपर्क सूत्र-
9990402062, 26755078

➲ स्त्री पर दृष्टि डालने से यदि पुतला जलता है तो बताओ संसार में कितने लोग हैं जिनकी नजर स्त्रियों पर बुरी है, पर उनके पुतले तो नहीं जल रहे, उनकी निंदा तो नहीं हो रही लेकिन रावण का पुतला क्यों? क्योंकि उसने उस पर दृष्टि डाली है जिसकी दृष्टि इतनी पवित्र है कि जिसे अग्नि भी नहीं जला पाई, इतनी पवित्र है। ओ बुरी नजर वालो तुम्हारी नजर भी बुरी है तो किसी बुरे आदमी पर डालना, पवित्र आदमी को बुरी नजर से मत देखना। ये नारी धर्मात्मा है, सती, ब्रह्मचारिणी, पतिव्रता है, सुशील है, हम इसके ऊपर बुरी नजर नहीं डालेंगे।

- मुनिपुंगव सुधा सागर जी महाराज

भगवान महावीर स्वामी के 10 अप्रैल 2025 को 2624वें जन्म कल्याणक महोत्सव पर सभी देशवासियों को मंगलमयी हार्दिक शुभकामनाऐं

शुभाकांक्षी

गुणमाला देवी-धर्मपत्नी स्व. श्री प्रकाश चंद जी काला एवं परिवारजन

सतीश-नीलिमा, एडवोकेट राजेश काला-संगीता काला (एडवोकेटः राजेश काला राजस्थान हाईकोर्ट जयपुर) ➲ डायरेक्टर राजस्थान फाइनेंस कॉरपोरेशन उद्योग भवन जयपुर ➲ कार्यकारिणी सदस्यः राजस्थान जैन सभा ➲ कार्यकारिणी सदस्यः श्री आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर, मीरामार्ग जयपुर
पंकज-मधु (पुत्र-पुत्रवधु), मधु-पवन, सरिता-युगल किशोर (बेटी-दामाद), रोनिल, भव्य, जिनेंद्र, दक्षा, यशस्वी, खुशबू (पौत्र, पौत्रियां) सहित
समस्त काला परिवार जयपुर (राजस्थान)

आवासः 104/102, कबीर मर्ग, मानसरोवर जयपुर-302020 (राजस्थान) मो. 9829637400

सत्य अहिंसा विश्व शांति के अग्रदूत, जन-जन के आराध्य वर्तमान शासन नायक भगवान महावीर स्वामी की चैत्र शुक्ला तेरस दिनांक 10 अप्रैल, 2025 को 2624वीं जयंती पर हार्दिक शुभकामनायें

-: नमनकर्ता :-

जतिन जैन
अध्यक्ष युवा महासभा दिल्ली
जैन स्टील, मेन रोड संत नगर, बुरारी, दिल्ली - 110084

सौ. हेमलताबाई मेडिकल-एजुकेशन संस्था में होमिओपैथी के जनक सर सैमुअल हैनीमैन की जयंती संपन्न

चिकलठाणा (महाराष्ट्र)। होमिओपैथि वैद्यक शास्त्र के जनक सर सैमुअल हैनीमैन की जयंती सौ. हेमलताबाई मेडिकल - एजुकेशन संस्था एन-4, सिडको औरंगाबाद में उत्साह के साथ मनाई गई। होमिओपैथि डा. पवन डोंगरे के हस्ते पुष्पहार अर्पण किया गया। विख्यात होमिओपैथि प्रा. डा. राजेश एम. पाटणी ने कहा कि अनेक बीमारियों पर होमिओपैथि सफलता पूर्वक कार्य कर रही है। इस अवसर पर प्रख्यात लेखक एवं पत्रकार

एम. सी. जैन, डा. पवार, डा.कोठारी, डा. प्रितेश पाटणी बोराडे उपस्थित थे।

भगवान महावीर स्वामी के 2624 वें जन्म कल्याणक महोत्सव 10 अप्रैल 2025 पर हार्दिक शुभकामनाएं

दिगम्बर जैन मन्दिर, हमीरपुर

ग्राम-पोस्ट-हमीरपुर-304505, तहसील-टोडारायसिंह, जिला-टोंक (राज.)

(अध्यक्ष) हरकचन्द जैन बड़जात्या मो. 9829074341
(महामंत्री) मानमल जैन मो. 9950219206

उपाध्यक्ष एवं सलाहकारः भागचन्द जैन (एडवोकेट) मो. 9828011867
सलाहकारः निर्मल जैन (एडवोकेट) मो. 7610096156
कोषाध्यक्षः तीर्थंकर राज जैन मो. 9413205770
सांस्कृतिक एवं प्रचार-प्रसार मंत्रीः अरविन्द जैन मो. 9829067180
सदस्यः ➲ दानमल जैन ➲ विकास जैन (एडवोकेट) ➲ मुकेश कुमार जैन ➲ पारस कुमार जैन ➲ निर्मित कुमार जैन (हमीरपुर वाले)

भगवान महावीर के जन्म कल्याणक महोत्सव की हार्दिक शुभ कामनाएँ

DOLPHIN WATERPROOFING

आधुनिक टेक्नोलॉजी से छत को रखे वाटरप्रूफ, हीटप्रूफ, वेदर प्रूफ पायें सीलन, लीकेज एवं गर्मी से राहत व बिजली के बिल में भारी बचत करें।

छत व दीवारों का बिना तोड़फोड़ के सीलन का निवारण
For Your New & Old Construction

DR. FIXIT WATERPROOFING EXPERT

RAJENDRA JAIN
Dr. Fixit Authorised Project Applicator

Mo. 80036-14691
116/194, Agarwal Farm, Mansarovar, Jaipur

स्वत्वाधिकारी 'श्री भारतवर्षीय दिगम्बर जैन महासभा' के लिये प्रकाशक एवं मुद्रक सुभाषचन्द्र गुप्ता द्वारा द इण्डियन एक्सप्रेस प्रा. लि. सी 26, अमौसी इण्डस्ट्रीयल एरिया लखनऊ उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं श्री नंदीश्वर फ्लोर मिल्स कम्पाउण्ड, मिल रोड, ऐशबाग लखनऊ-226004 उ. प्र. से प्रकाशित, सम्पादक -सुधेश कुमार जैन

श्री भारतवर्षीय दिगम्बर जैन महासभा

अध्यक्ष
गजराज जैन गंगवाल
मो. 09810900009

कार्याध्यक्ष
रमेश जैन तिजारिया
मोबा. 08290950000

महामंत्री
प्रकाशचंद्र जैन बड़जात्या
Mob- 09840213132

कोषाध्यक्ष
पवन गोधा
मो. 9311198985

प्रधान सम्पादक
कपूरचन्द जैन (पाटनी)
मो. 09864118950, 0 9854050969
Email- k.c.jain39@gmail.com

परामर्शक सदस्य
बसन्त कुमार शास्त्री, शिवाड़
मो. 08107581334

सम्पादक
सुधेश कुमार जैन, लखनऊ
मो. 09415108233
नन्दीश्वर फ्लोर मिल्स कम्पाउण्ड, ऐशबाग, लखनऊ- 226004 (उ0प्र0)
jaingazette2@gmail.com

सह सम्पादक (मानद)
डॉ. श्री महावीर शास्त्री, सोलापुर
मो. 09422457582
राजेन्द्र जैन 'महावीर' सनावद
मो. 9407492577
सुनील 'संचय' ललितपुर
मो. 9793821108

लखनऊ प्रधान कार्यालय प्रबंधक प्रकाशक एवं मुद्रक
सुभाषचन्द्र गुप्ता
मोबा. 09415008344

दिल्ली मुख्य कार्यालय प्रबंधक
स्वराज जैन
मोबा. 09899614433
श्री भारतवर्षीय दिगम्बर जैन महासभा, 5, राजा बाजार, खण्डेलवाल जैन मंदिर कॉम्प्लेक्स, कनॉट प्लेस, नई दिल्ली -1
011-23344668, 23344669,
digjainmahasabha@gmail.com
www.digjainmahasabha.org

जैन गजट की सदस्यता
वार्षिक (एक वर्ष) रू. 300
आजीवन (दस वर्ष) रू. 2100
निर्धारित रियायती साधारण डाक से कोरियर से मंगाने पर अतिरिक्त शुल्क- दिल्ली, उ.प्र. रू. 1000 अन्य प्रदेश रू. 1500

'जैन गजट' में विज्ञापन
देने हेतु सम्पर्क-
7607921391,
9415008344,7505102419
जैन गजट में प्रकाशनार्थ लेख, फोटो, समाचार, विज्ञापन आप ईमेल
jaingazette2@gmail.com
पर भेजें



प्रथमाचार्य शांतिसागर व्रत

परम पूज्य चारित्र चक्रवर्ती प्रथमाचार्य 108 श्री शांतिसागर जी महाराज के आचार्य पद प्रतिष्ठापन शताब्दी महोत्सव (2024-25) के उपलक्ष्य में परम पूज्य पंचम पट्टाधीश वात्सल्य वारिधि आचार्य 108 श्री वर्धमान सागर जी महाराज द्वारा सम्पूर्ण जैन समाज को संयम की प्रेरणा हेतु प्रदान किया गया एक व्रत का संकल्प

आचार्य पद प्रतिष्ठापन
शताब्दी महोत्सव
13 अक्टूबर 2024 -
3 अक्टूबर 2025

36 एकासन का नियम

प्रतिमाह कम से कम एक या अधिकतम तीन

जाप्यः ऊँ ह्रूँ प्रथमाचार्य श्री शांतिसागर नमः।

पूजनः प्रथमाचार्य श्री शांतिसागर जी महाराज की पूजा



पूजनः प्रथमाचार्य श्री शांतिसागर जी महाराज की पूजा

प्रेरणा

सोहनलाल
कासलीवाल
अध्यक्ष खण्डेलवाल
दिग. जैन समाज
पाण्डिचेरी

रिखबचन्द पाटोदी
अध्यक्ष
दिग. जैन समाज
पाण्डिचेरी



सोहनलाल पहाड़िया
पूर्व अध्यक्ष
दिग. जैन समाज
पाण्डिचेरी

जितना जिनका प्रत्येक कार्य अदभुत आकर्षण व महान व्यक्तित्व है, जिनका नाम स्मरण करते ही हृदय भक्ति से भर जाता है, उन आचार्य श्री की गौरव गाथा तो उनकी मुखाकृति पर ही अंकित थी। लिखने की चीज भी नहीं यह तो मनन व अध्ययन की चीज है। काश उन्हें हम ठीक-ठीक समझ पाते।

सर्पराज का उपसर्ग जिनकी तपस्या में खलल न डाल सका, असंख्य चीटियों का घंटों काटना, जिनके लिये मानसिक अशान्ति का कारण न बन सका, सिंह निष्क्रीड़ित व्रत के लम्बे उपवास के समय ज्वर का प्रकोप जिनको शिथिलाचार की ओर ठेल न सका, कंचन और कामिनी जैसे मोहक पदार्थ जिनके संयम साधना में बाधक न बन सकें उन योगिराज की आत्मा कितनी महान थी, यह सहज ही में अनुमान लगाया जा सकता हैं।

- शेखरचंद पाटनी

दानवीर नगरी पांडिचेरी के पुण्यार्जक/नमनकर्ता



स्व. श्री नथमल जैन

गौतमचंद विशाल सेठी (गौतम ज्वैलर्स)

श्रीमती मनफूल देवी जैन

श्री सन्मति विजया एवं रिद्धी सिद्धी महिला मण्डल

रमेश तिजारिया, जयपुर

मदनलाल राजेन्द्र अरविन्द, मनोज सुनील कासलीवाल

सुधान्शु कासलीवाल जयपुर

सोहनलाल विदीत कासलीवाल
सोहनलाल पहाड़िया
मनीष मार्बल
दीप ज्वेलर्स (दीप कुमार बज)
चिरंजीलाल हेमंत शरद कासलीवाल
मनीष प्रणय सेठी
बुद्धराज, प्रसन्ना, बिमल कासलीवाल

रिखबचंद पाटोदी
शांतिलाल लूणकरण रेशमा पाटनी
गजराज भरत सुशील कोठारी
चम्पालाल निरंजन कासलीवाल
धर्मचन्द शकुन्तला जैन व्रती श्रावक
आसूलाल भागचन्द कासलीवाल
गणपत कोठारी

हुलास चन्द सबलावत परिवार, रेडिप्रिन्ट जयपुर
नवरत्नमल पाटनी अष्टम प्रतिमाधारी जयपुर
संतोष, अजय, अनुज, आशीष, अतिशय, अनवीर
श्री दिगम्बर जैन समाज सेलम
विजयकुमार कासलीवाल कुचील वाले किशनगढ़
अशोक चूड़ीवाल बरपेटा रोड, आसाम
श्रीमती सरोजदेवी पांड्या, गुवाहाटी

विज्ञापन प्रेषकः R. K. Advertising मदनगंज किशनगढ़, द्वारा-शेखरचन्द पाटनी, जैन गजट राष्ट्रीय संवाददाता, मो. 09667168267 rkpatni777@gmail.com

पंजीकृत समाचार पत्र
R.N.I. NO. 59665/92

Posted at R. M. S, Char bagh, Lko. on
Every Monday, wednesday and thursday

डाक पंजीयन संख्या :
SSP/LW/NP/115/2024-2026

If Undelivered Please Return To : Publisher- Jain Gazette
C/o Sri Nandishwar Flour Mills Compound, Mill Road, Aish bagh,
Lucknow - 226004 (U. P.) (INDIA) Mob. 9415108233,
7505102419, 7607921391 Web site- jaingaztte.com
email- jaingazette2@gmail.com whatsapp 7607921391

To,
.....
.....
.....

एक प्रति का मूल्य 3/- रुपये (कार्यालय से लेने पर)

वार्षिक सदस्यता शुल्क 300/-,
दस वर्षीय आजीवन शुल्क 2100/-
(डाक/कोरियर से मंगाने पर खर्च अतिरिक्त देय होगा)

जैन गजट संबंधी सभी विवादों के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही मान्य होगा। लेखक के विचारों से संस्था या सम्पादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।